CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 142 रायपुर, सोमवार 16 जून 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# आज से स्कूलों की घंटी बजी, प्रवेशोत्सव प्रारंभ

## मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

### स्कूलों के समय में हुआ परिवर्तन

आज से नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। इस बीच शाला प्रवेशोत्सव के पहले ही दिन राज्य सरकार ने बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि 17 जून से 21 जून 2025 तक प्रदेश की सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त और निजी स्कूलों में कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11 बजे तक ही लगेंगी। हालांकि मानसून के आगमन के बाद या परिस्थितियों में बदलाव के अनुसार, समय में पुनः संशोधन किया जा सकता है। आमतौर पर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे या 3 बजे तक ज्यादा संभावना है।

**रायपुर,** 16 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में आज 16 जून से नया शिक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत हो गई है। इस मौके पर राज्य भर के सरकारी और निजी स्कूलों में 'शाला प्रवेश उत्सव' बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। कई स्कूलों में बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कहीं तिलक लगाकर तो कहीं मिठाई और फूल माला पहनाकर बच्चों की अगवानी हुई। शाला प्रवेश उत्सव के तहत इस बार खास तैयारी की गई है। स्कूलों को साफ-सफाई कर सजाया गया है। स्कूलों में पहली बार आने वाले बच्चों को गुलाब का फूल और चॉकलेट दी गई। सरकारी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों को निःशुल्क किताबें, यूनिफॉर्म और मिड डे मील भी मिलेगा।

शिक्षा विभाग ने बताया कि इस वर्ष राज्य भर में करीब 20 लाख बच्चों के स्कूल आने की उम्मीद है। कई जगह जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अफसर भी बच्चों के स्वागत के लिए पहुंचे। स्कूलों में सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी गाइडलाइन का पालन भी अनिवार्य किया गया है। शिक्षकों को बच्चों की मानसिक स्थिति समझने और पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस मौके पर सीएम विष्णुदेव साय ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को नए शैक्षणिक सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा गर्मी की छुट्टियों के बाद आज से स्कूलों की घंटी फिर से बजी,बच्चों की मुस्कान, उत्साह, जिज्ञासा फिर से कक्षा में लौट आई है,शिक्षा का यह नया सफर सफलता और संस्कार से भरा हो। उधर डिप्टी सीएम अरुण साव ने भी शुभकामनाएं दी है वे बिलासपुर और मुंगेली के शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए।

**विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी झलकी-** लंबी ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में पुनः रौनक लौट आई। विद्यालय खुलते ही परिसर बच्चों की चहचहाहट और उत्साह से भर उठा। विद्यार्थियों के चेहरों पर अपनी नई कक्षा में जाने की खुशी साफ झलक रही थी। कुछ बच्चों में उत्सुकता तो कुछ में अपने पुराने मित्रों से मिलने का उल्लास देखने को मिला।विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएँ दीं तथा अनुशासन, नियमित उपस्थिति और अध्ययनशीलता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षकगण बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे और मैडम भारती तांती ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कक्षा अनुसार बच्चों का मार्गदर्शन कर उन्हें पाठ्यक्रम से परिचित कराया। विद्यालय में बच्चों के बैठने, पढ़ने एवं अन्य व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी कर ली गई थी जिससे पहले दिन से ही शिक्षण कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो सका। विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों में भी विद्यालय पुनः आरंभ होने की खुशी दिखाई दी। विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को नए सत्र की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं।

तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर किया गया बच्चों का स्वागत

इधर **धमतरी संवाददाता** ने बताया कि आज से नये शिक्षण सत्र की शुरुआत हुई। इसके साथ ही आज ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बच्चे स्कूल पहुंचे। आज कई स्कूलो में शाला पहुंचने पर बच्चों का स्वागत हुआ। इसी कड़ी में देहली पब्लिक स्कूल सांकरा धमतरी में शाला पहुंचने पर प्रवेश द्वार पर साज सज्जा कर बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही आज स्कूल में विशेष पूजन व हवन का आयोजन भी किया गया जिसमें बच्चों ने सहभागिता सुनिश्चित की।

# पीएम मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान

**अब तक 20 से ज्यादा देश कर चुके सम्मानित**

**नई दिल्ली,** 16 जून (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस ङ्ङ्ङ से सम्मानित किया। ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय साइप्रस की ओर से प्रदान किया जाने वाला नाइटहुड सम्मान है, जिसका नाम साइप्रस के प्रथम राष्ट्रपति आर्कबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, श्राष्ट्रपति जी, ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस ङ्ङ्ङ सम्मान के लिए मैं आपका, साइप्रस सरकार का और साइप्रस के लोगों का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सिर्फ नरेंद्र मोदी का ही नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह उनकी क्षमताओं और आकांक्षाओं का सम्मान है। यह हमारी संस्कृति, भाईचारे और वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा का सम्मान है। मैं इसे भारत और साइप्रस के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों, हमारे साझा मूल्यों और आपसी समझ को समर्पित करता हूं। मैं सभी भारतीयों की ओर से इस सम्मान को बड़ी विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करता हूं। यह पुरस्कार शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और हमारे लोगों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# पहले दिन ही स्कूल के गेट पर ताला जड़ छात्र-छात्राओं व पालकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाकर स्कूल में प्रधानपाठक को पुनः पदस्थ करने का किया गया विरोध**

**धमतरी,** 16 जून (हाईवे चैनल)। आज नये शिक्षण सत्र की शुरुआत हुई। स्कूलें खुली जहां बच्चों का स्वागत हो रहा है। लेकिन जिले का एक स्कूल ऐसा रहा जहां बच्चों ने स्कूल के गेट पर ताला जड़ विरोध प्रदर्शन पर बैठ गए।

मिली जानकारी के अनुसार नगरीय विकासखण्ड अन्तर्गत शासकीय माध्यम शाला ग्राम बोकराबेड़ा में आज स्कूली छात्राएं, ग्रामीण महिलाएं व पालक स्कूल के गेट पर ताला जड़ अपनी मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। छात्र-छात्राओं ने बताया कि स्कूल में पूर्व में एक प्रधानपाठक पदस्थ थे। जो कि छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करते थे। विरोध के बाद उन्हें स्कूल से हटाया गया था। दो साल बाद पुनः उक्त प्रधानपाठक को स्कूल में पदस्थ कर दिया गया है। इससे छात्र-छात्राएं व पालको में घोर नाराजगी नजर आ रही है। शिक्षण सत्र के पहले दिन ही स्कूल गेट पर ताला जड़ विरोध करने के पश्चात शिक्षा विभाग हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर स्कूली बच्चों व पालकों को समझाने का प्रयास किया गया। साथ ही आश्वासन दिया गया है कि उक्त शिक्षक को स्कूल से सात दिनो`के भीतर हटाया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में विस्फोट, तीन लोग घायल

नई दिल्ली, 16 जून (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सोमवार को हुए विस्फोट में 10 वर्षीय एक बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के लंगेट इलाके के कछरी में एक पुरानी मस्जिद को गिराने के दौरान विस्फोट हुआ। मस्जिद प्रबंधन समिति नई मस्जिद बनाने के लिए पुरानी ढांचे को गिरा रही थी। विस्फोट के कारण का तुरंत पता नहीं चल पाया है। घायलों की पहचान मुदासिर अहमद मीर (26), गुलाम अहमद तंत्रे (65) और डी ए लोन (10) के रूप में हुई है। घायलों को उप जिला अस्पताल लंगेट ले जाया गया जहां से मीर को हंदवाड़ा के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

# जनगणना के लिए गृह मंत्रालय ने गैजेट नोटिफिकेशन किया जारी

**नई दिल्ली,** 16 जून (न्यूज चैनल)। अमित शाह के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय ने 2027 में राष्ट्रीय जनसंख्या जनगणना के संचालन के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। कोविड-19 महामारी के कारण विलंबित दशकीय जनगणना में अब डिजिटल डेटा संग्रह, स्व-गणना विकल्प और पहली बार जाति गणना की सुविधा होगी, जो 1 मार्च, 2027 तक पूरी हो जाएगी। लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा 1.3 लाख जनगणना कर्मियों को इस कार्य के लिए तैनात किया जाएगा। यह कार्य दो चरणों में किया जाएगा तथा 1 मार्च, 2027 तक पूरा होगा। गृह मंत्रालय ने कहा कि जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यमों से की जाएगी, जहाँ लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें कहा गया है कि संग्रह, संचरण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े डेटा सुरक्षा उपाय किए जाएँगे। जनगणना दो चरणों में की जाएगी - हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) जिसमें प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाएँ एकत्र की जाएँगी, और जनसंख्या गणना (पीई), जिसमें प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण एकत्र किए जाएँगे। गृह मंत्रालय ने कहा कि जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### एयर इंडिया का बोइंग 787 फिर बना खतरे की घंटी, हांगकांग से दिल्ली आ रहा विमान बीच रास्ते से लौटा वापस

**नई दिल्ली,** 16 जून (न्यूज चैनल)। एयर इंडिया की फ्लाइट-ङ्ग15, जो हांगकांग से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर है, को पायलट द्वारा संदिग्ध तकनीकी समस्या का पता चलने के बाद बीच उड़ान में ही वापस लौटना पड़ा। जब विमान में खराबी देखी गई, तब विमान दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, पायलट ने वापस लौटने और हांगकांग में सुरक्षित उतरने का विकल्प चुना। यह घटना एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान-ङ्ग171 के 12 जून को अहमदाबाद के पास दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जिसमें विमान में सवार सभी 241 लोगों सहित 270 लोग मारे गए थे।

रविवार को, अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (ष्ट्रङ्क्र) बरामद होने की पुष्टि की। ब्लैक बॉक्स से घातक दुर्घटना के कारण का पता लगाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है।

चूहा- सुनती हो, ईडी छग में सुकमा का कांग्रेस भवन अटैच कर दिया है।
चुहिया- हां जी, अभी तो उसकी जरूरत भी नहीं है अच्छा है ईडी ही देखभाल करे।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आकर बच्चे की मौत, 2 गंभीर रूप से घायल

**बिलासपुर,** 16 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में कुदरत ने कहर बरपाया है. क्रिकेट खेलने गए बच्चा वापस घर नहीं लौट सका. आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई. वहीं दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घटना के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर है. घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के बन्नाक चौक की है.

जानकारी के मुताबिक, 13 साल का अभिषेक अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने के लिए बन्नाक चौक के पास पहुंचा था. इस दौरान तेज बारिश और बादल गरजने शुरू हो गई. सभी बच्चे दौड़ते हुए पेड़ के नीचे छिप गए. लेकिन आसमान से मौत बनकर बिजली बच्चों पर गिरी. आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अभिषेक की मौत हो गई. इस घटना में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं.

# नशे में धुत कार चालक ने दो बाइक को मारी जोरदार टक्कर, 4 लोगों मौत

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,** 16 जून (हाईवे चैनल)। जिले में तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो मोटरसाइकिल सवार चार लोगों की मौत हो गई तथा कार चालक घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पेंड्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मझगवां गांव के करीब एक कार की टक्कर से दो मोटरसाइकिल में सवार चार लोग गंगाराम गंधर्व (25), रामावतार गोंड (30), भूपेंद्र गोंड (28) और महिला शानू केंवट (22) की मौत हो गई तथा कार चालक स्नेहिल गुप्ता घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात को गंगाराम, रामावतार, भूपेंद्र और शानू, गंगाराम का जन्मदिन मनाने करीब के गांव गए थे। जब वे दो मोटरसाइकिल में सवार होकर पेंड्रा की ओर लौट रहे थे तब मझगांव के करीब तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और एक पेड़ से जा टकराई। उन्होंने बताया कि इस घटना में गंगाराम, रामावतार और भूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई तथा शानू और कार चालक स्नेहिल घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जानकारी मिलने पर घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया। बाद में पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में इलाज के दौरान शानू ने भी दम तोड़ दिया। वहीं घायल स्नेहिल का इलाज किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कार चालक स्नेहिल नशे में वाहन चला रहा था इसलिए यह घटना हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# जांच से विजय रूपाणी समेत 80 मृतकों की हुई पहचान, 33 शव परिजनों को सौंपे गए

**राजकोट में विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार आज**

**नई दिल्ली,** 16 जून (न्यूज चैनल)। अहमदाबाद में एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के तीन दिन बाद अस्पताल अधिकारियों ने डीएनए मिलान के माध्यम से 80 लोगों की शिनाख्त कर ली है, जिनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी नाम भी शामिल है। दुर्घटना में 270 लोगों की मौत हो चुकी है।

गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने रविवार को पुष्टि की कि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर बरामद कर लिया गया है, जिससे इस हादसे के पीछे संभावित कारण की पहचान करने में मदद मिलेगी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों सहित कुल 270 लोग मारे गए थे। ताजा अपडेट के अनुसार डीएनए जांच करके परिवार को शव सौंपे जा रहे हैं।

इधर गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार आज यानी सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ राजकोट में किया जाएगा। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन 12 जून को एअर इंडिया विमान हादसे में हुआ था। इस हादसे में 274 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत विजय रूपाणी की पत्नी अंजलि रूपाणी अपने बेटे ऋषभ रूपाणी के साथ अहमदाबाद सिविल अस्पताल के शवगृह पहुंचीं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सिविल अस्पताल के शवगृह परिसर पहुंचे। राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद रहे। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का परिवार गांधीनगर स्थित अपने आवास से अहमदाबाद के लिए रवाना हुआ। पूर्व सीएम का पार्थिव शरीर अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में जल्द ही उन्हें सौंप दिया जाएगा।

## फिर सिसका केदारनाथ : जले हुए शव...राख में बदले सपने, 44 जवानों ने किया रेस्क्यू पूरा

धुंआ..चीखें और राख...केदारनाथ की शांत घाटी एक बार फिर चीख उठी। हेलिकॉप्टर हादसे में कई घरों का सुकून उजड़ गया। 23 महीने की मासूम काशी, फैशन डिजाइनिंग की छात्रा तुष्टि, अपने बच्चों के इंतजार में लौट रहे विक्रम, और दो महीने पहले जुड़वा बच्चों के पिता बने पायलट्ज सबकी यात्राएं वहीं थम गईं। मां की ज़िद पर नानी संग गई तुष्टि अब कभी वापस नहीं आएगी। धुएं और राख के बीच 44 जवानों ने सात जले हुए शवों को उठाया, लेकिन जख्म इतने गहरे हैं कि पूरा केदारनाथ फिर से सिसक पड़ा है। हेलिकॉप्टर हादसे के बाद चले रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस सहित अन्य जवानों ने अहम भूमिका निभाई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सुबह 6.15 बजे घटना की सूचना मिलने के बाद उन्होंने सभी रेस्क्यू दल को मौके के लिए रवाना कर दिया था। लगभग एक घंटे के भीतर मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ के 22, एसडीआरएफ के 8, डीडीआरएफ के 6 और पुलिस के 8 जवानों ने अहम भूमिका निभाई। सभी शवों को दुर्गम रास्ते से गौरीकुंड पहुंचाया गया।